श्री मुरारी पासवान, माननीय स0 वि0 स0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0-18/2/2858 का उत्तर प्रतिवेदन।

प्रश्न	उत्तर
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- क्या, यह बात सही है कि भागलपुर ज़िले के विधान सभा क्षेत्र सं0-154, पीरपैंती के बाखरपुर एवं बाबुपुर की लगभग 600 (छः सौ) एकड़ ज़मीन में सालो भर जल भरा रहता है, जिससे कि किसानों का फ़सल उपज नहीं होती है, जिसके परिणामस्वरूप लोगों को रोज़गार की तलाश में दूसरे प्रदेश पलायन को मजबूर होना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दियारा क्षेत्रों की जलजमाव के जल निकासी की व्यवस्था कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?	वस्तुस्थिति यह है कि भागलपुर जिला अंतर्गत पीरपैती प्रखंड में बाबूपूर एवं बाखरपुर गंगा नदी के दाहिने तट पर अवस्थित हैं। ग्रामीणों द्वारा वार्ता के क्रम में बताया गया है कि बाबूपुर एवं बाखरपुर में बाढ़ अवधि में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने पर पानी प्रश्नगत स्थलों पर फैल जाता है एवं गंगा नदी का जलस्तर कम होने के पश्चात् स्वतः गंगा नदी में चला जाता है। वर्तमान में प्रश्नगत स्थलों पर जल जमाव की स्थिति नहीं है तथा रब्बी फ़सल की खेती की जा रही है।

बिहार सरकार

<u>जल संसाधन विभाग</u>

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(क0)–05–100 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18 / 2 / 2858 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

(अनिल कुमार गुप्ता)

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(क0)–05–100 / 2026–　　　　　　　　　　पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(क0)–05–100 / 2026–　　　　　　　　　　पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(क0)–05–100 / 2026– 1377　　　　　　　　　　पटना, दिनांक– 23/03/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

20.03.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
20.03.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo